# केस स्टडी-13/2025

जारी तिथि : 10.04.2025

**लोको फेल्योर**

**घटनाक्रम:** दिनांक 08/09.04.25 को मध्य रेल्वे के नागपुर मंडल में ट्रेन नंबर AGSA/NMG, लोड-26/26=1300T, लोको नं 27448/JHSE/WAG-7 (IC Done:28.03.25), Cab-2, Medha- FDCS (ARNO), सेक्शन: किरतगढ़-केसला (KRTH-KSLA) में कार्य करते समय Dy SS/KRTH ने लोको के अंडरट्रक से धुवाँ निकलते देखा, उन्होंने तुरंत वॉकी टॉकी से गाड़ी को रोकने के लिए कहा, इस बीच LP को भी DDS पर **"DJ Tripping via QOP-1"** का संदेश के साथ DJ ट्रिप हुआ और गाड़ी एडवांस स्टार्टर पर कि.मी. सं. 756/40 पर रुक गई। निरिक्षणोपरांत पाया गया कि TM-1 से धुआं निकल रहा है। कर्मीदल ने QOP-1को रीसेट किया तथा आदेशानुसार गाड़ी को KRTH स्टेशन के मेन लाइन पर बैक किया। लोको को डिटेच करते समय पाया गया कि एक्सल लॉक्ड हो गया है। इटारसी से TRS स्टाफ को बुलाया गया व निरिक्षणोपरांत पाया कि गियर केस नं. 1 में कॉर्डियम कंपाउंड बिलकुल नहीं है, जिसकी वजह से एक्सल नहीं घूम रहा है, लॉक्ड हो गया था। TM-1 के गियर केस का पिनियन काट कर निकाल दिया गया। लोको को 20 Kmph से LELA से नजदीकी शेड मे भेजा गया।

## संभावित कारण:



- ✓ BINA स्टॉफ ने चार्ज देते समय कर्मीदल को बताया तथा लोको लॉग बुक में भी रिमार्क लिखा कि TM-1 के गियर केस के पास कॉर्डियम कंपाउंड फैला हुआ है - कर्मीदल ने गंभीरता से उसकी जांच नहीं की और TLC को सूचित कर दिया।
- ✓ कर्मीदल द्वारा TM-1 के गियर केस के पास कॉर्डियम कंपाउंड का फैलाव होना, की गंभीरता को समझने में विफल रहा।

## उपरोक्त घटना से सबक: **ऐसी विफलताओं से बचने हेतु कर्मीदल को निम्न निर्देश जरी किये जाते हैं -**

- ❖ लोको का चार्ज लेते समय लोको **लॉग बुक में दर्ज पुराने बुकिंग को अवश्य पढ़े**, यदि कोई लोको सबंधित खराबी की बुकिंग दिखती है तो TLC को अवश्य सूचित करें।
- ❖ विशेषकर गर्मी के मौसम में, प्रत्येक हाल्ट पर **एक्सल का टेम्प्रेचर** व गियर केस में उपलब्ध **कॉर्डियम कंपाउंड का फैलाव** आदि हेतु लोको को चेक करें।
- ❖ **गियर केस, एक्सल कैप व एक्सल बॉक्स के बोल्ट्स** का भी लगा होना सुनिश्चित करें।
- ❖ चेक करें कि अंडर ट्रक में लगे सभी **सेफ्टी गियर्स** सही लगें हैं तथा कहीं कोई **ऑइल लीकेज तो नहीं हो रहा है या** किसी उपकरण का **टेम्प्रेचर** तो अधिक नहीं हैं।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

**सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।**